## प्री –सी0आर0एम0 सहयोगात्मक भ्रमण रिपोर्ट– जनपद आगरा।

**भ्रमण टीम सदस्यों के नाम–**

1. अभय द्विवेदी, परामर्शदाता एन0सी0डी0।
2. राजीव कुमार दूबे, कार्यक्रम समन्वयक बाल स्वास्थ्य।

**जनपद आगरा में निम्नवत स्वास्थ्य इकाईयों के भ्रमण के मुख्य बिन्दु निम्नवत है:–**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैंयाँ–**

1. साईनेज रोड बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर मानकानुसार उपलब्ध नहीं है।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में हर्बल गार्डन के लिए जालीदार युक्त 2 पृथक से गार्डन हैं किन्तु हर्बल गार्डन नहीं बना है, जिस पर टीम द्वारा लोहे की भण्डार हर्बल गार्डन की पटिकांओं को निकलवाकर क्यू0ए0 के मानकानुसार लगाने के सुझाव दिये गये एवं प्रांगण में बंदरो के होने से हर्बल गार्डन प्रभावित होने पर फैबीकेटर को बुलाकर स्थाई रूप से प्रत्येक पौधे के लिए लोहे के छोटे जाल दिनांक 22.10.2024 तक बनवाने के निर्देश दिये गये। जिससे स्वास्थ्य इकाई में स्थाई रूप से हर्बल गार्डन व्यवस्थित हो सके।
3. राज्य स्तरीय टीम द्वारा सी0एच0सी0 भवन के चारोतरफ निरक्षण में पाया गया कि जनरेटर में जंग लगा हुआ मिला जिसको सही कराते हुए पेन्ट करने के सुझाव दिये गये।
4. सी0एच0सी0 में स्थापित ऑक्सीजन प्लॉन्ट खराब है। राज्य स्तरीय टीम द्वारा पूंछने पर ऑक्सीजन प्लॉन्ट के विषय में अधीक्षक से पूंछने पर ज्ञात हुआ कि आगरा जनपद में नहीं बन सकता है सम्बन्धित विषय की सम्पूर्ण जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा एवं जनपद के सम्बन्धित अन्य अधिकारीगणों को प्रदान करते हुए 1 सप्ताह के भीतर ऑक्सीजन प्लान्ट क्रियाशील किये जाने की अपेक्षा की गयी है।
5. सी0एच0सी0 प्रांगण में पूर्ण रूप से निष्क्रीय भवन जो कि मरीजो, तिमारदारों एवं अन्य लोगों की जानमान की हानि होने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए निषप्रयोजन लिखने के सुझाव के साथ पुराने मानको से बॉयोमेडिकल वेस्ड के अनुप्रयोग–जर्जर कक्ष की कलर कोडिंग हटवाई गयी, जिससे भारत सरकार की सी0आर0एम0 के भ्रमण के दौरान बॉयोमेडिकल वेस्ड के निस्तारण में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।
6. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित करने के लिए मजदूर लगवाने के लिए अधीक्षक से अपेक्षा करते हुए कृत कार्यवाही पूर्ण की गयी। टीम को स्वास्थ्य इकाई में पृथक से 2 मिस्त्री नालियों की मरम्मत का कार्य कराते हुये पाया गया।
7. सी0एच0सी0 में प्रयोग हो रहे बी0एम0डब्लू0 कक्ष साफ–सफाई युक्त पाये गये एवं अधूरे सटर का कार्य दिनांक 23.10.2024 तक पूर्ण कराये जाने हेतु सुझाव देते हुए बी0एम0डब्लू0 कक्ष को मानकानुसार पेन्ट करने के निर्देश दिये गये।
8. सी0एच0सी0 प्रांगण में नाली का निस्तारण जलप्रवाह नहीं पाया गया। टीम द्वारा अधीक्षक महोदय को निस्तारण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
9. राष्ट्रीय गैरं संचारी कार्यक्रम की आई0ई0सी0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखी पायी गयी सम्बन्धित समस्त आई0ई0सी0 को भण्डार कक्ष से बाहर निकलवाकर मानकानुसार सम्बन्धित आई0ई0सी0 को उचित स्थान पर लगाये जाने अपेक्षा की गयी।
10. स्वास्थ्य सेवाओं एंव टेलीमानस के टोल फ्री नं0 प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर 1 सप्ताह के भीतर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।
11. अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम में स्लीटलैम्प खराब पाया गया एवं नेत्र परीक्षण अधिकारी के कक्ष में स्लीटलैम्प खराब के साथ 40 लीटर सेनीटाईजर रखा पाया गया जिसको तत्काल हटवाते हुये परीक्षण कक्ष को

Abhay

मानकानुसार स्थापित करने के निर्देश दिये गये एवं खराब स्लीटलैम्प को 1 सप्ताह के भीतर सही कराये जाने के लिए जनपदीय नोडल अन्धता को सूचित किया गया।

12. डेन्टल यूनिट में उपकरण पूर्ण नहीं पाये गये एवं डेन्टल सहायक भी नियुक्ति नहीं है। स्वास्थ्य इकाई पर डेन्टल सेवायें प्रदान नहीं की जा रही है, तत्सम्बन्ध में प्रकरण से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया।
13. आर0ओ0 प्लॉन्ट स्थापित है परन्तु आक्रियाशील पाया गया कृतकार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सम्बन्धित को अवगत कराया गया।
14. कक्ष संख्या–9 में ताला खोलने पर भण्डार भरा हुआ पाया गया। उपयोगी सामान बाहर निकलवाकर उपयोग हेतु जारी कराया गया। कक्ष संख्या–9 में रखे सामानो को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु निर्देशित किया गया।
15. शौचालय टूटा हुआ एवं अन्य कई शौचालय पूर्व से चोक पाये गये तत्काल प्राथमिक रूप से सही कराने के निर्देश दिये गये।
16. कक्ष संख्या–13 में डॉक्टर ड्यूटी कक्ष को भण्डार कक्ष के रूप में उपयोगित किया जा रहा है। तत्काल सही कराने के निर्देश दिये गये।
17. शीतकक्ष में आई0एल0आर0, डीफ्रीजर, स्टेपलाईजर, शीत पंजिका पुस्तिका मानकानुसार पायी गयी तथा डीफ्रीजर 01 खराब पाया गया, जिसे सही कराने हेतु सुझाव दिया गया।
18. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की अन्तः एवं बाह ब्रांडिंग मानकानुसार नहीं पायी गयी अधीक्षक महोदय को मानकानुसार कृत कार्यवाही किये जाने के सुझाव प्रदान किये गये।
19. चिकित्सा इकाई के समस्त भण्डार कक्षो को खुलवाकर उपयोगी एवं अनुउपयोगी वस्तुओं को व्यावस्थित किये जाने की जुम्मेदारी बी0पी0एम0 एवं चीफ फर्माशिस्ट को प्रदान की गयी।
20. टीम के साथ भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा द्वारा अधीक्षक महोदय को निर्देश दिये गये कि खराब सामानो को कार्य हित में मानकानुसार निष्प्रयोजन नियमों के अनुरूप कार्यहित में निष्प्रयोजित किया जाना है।
21. परिसर की पुताई एवं पेंटिंग कराने के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि पूर्व से स्थापित आई0ई0सी0 एवं स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी ब्रांडिंग खराब न हो।
22. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित किया जाना है।
23. स्वास्थ्य इकाई को एम0एच0, सी0एच0, आर0आई0, आर0के0एस0के0, आर0बी0एस0के0, सी0पी0, राष्ट्रीय संचारी एवं गैर संचारी, एफ0पी0, क्यू0ए0 आदि की मानकानुसार चेकलिस्ट उपलब्ध करायी गयी है।
24. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपदों को उपलब्ध कराते हुए सम्बन्धित से अपेक्षा की गयी की 1 सप्ताह के भीतर यथासम्भव अपूर्ति पूर्ण हो सके।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरागढ़–**

1. मुख्य मार्ग से साईनेज बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर स्वास्थ्य इकाई के नाम का बोर्ड मानकानुसार उपलब्ध नहीं पाया गया।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में साफ–सफाई एवं झांडियाँ और घासों की कटाई कराने हेतु सुझाव दिये गये।
3. हर्बल गार्डन के लिए ऑयरन जालीदार जाल के माध्यम से हर्बल पौधों को गार्डन में हर्बल गार्डन के लिए लोहे के जाल बनवाने के साथ हर्बल पौधों को 1 सप्ताह के भीतर गार्डन में लगवाने के निर्देश दिये गये।
4. सी0एच0सी0 भवन पूरानी बिल्डिंग में स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना है किन्तु स्वास्थ्य इकाई का भवन लगभग 60 प्रतिशत जर्जर अवस्था में बिल्डिंग पायी गयी। इकाई के निकट 30 बेडेड अस्पताल बनकर तैयार है जो अभी तक हैण्डओवर नहीं किया पाया गया है।
5. एन0बी0एस0यू0 इकाई हेतु मात्र 01 रेडिएण्ट वार्मर और 01 फोटोथैरेपी क्रियाशील है, मानकानुसार उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। मात्र 01 स्टाफ नर्स कार्यरत है और 01 स्टाफ नर्स की ड्यूटी आगरा ताजमहल में लगाई

Buy Abhay

गयी, जिसको कार्यहित में एन0बी0एस0यू0 इकाई में लगाने हेतु कार्यहित में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया।

6. लेबर रूम के अन्दर न्यूबॉर्न केयर कार्नर हेतु उपलब्ध कराये गये रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील नहीं था जिसे तत्काल नवीन रेडिएण्ट वार्मर लगाने हेतु सुझाव दिया गया एवं जनपद मुख्यालय को अवगत कराया गया।
7. पी0पी0आई0सी0डी0 लाभार्थी को स्टाफ नर्स द्वारा नहीं लगाया जा रहा था। स्टाफ नर्स को पी0पी0आई0सी0डी0 हेतु कोई भी प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया, जिसे तत्काल प्रशिक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया।
8. एच0आर0पी0 रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था टीम द्वारा वस्तु स्थल पर सम्बन्धित को प्रशिक्षित करते हुए कृत कार्यवही मानकानुसार सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
9. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।
10. सी0एच0सी0 प्रांगण में नाली का निस्तारण जल प्रवाह को सही किये जाने के लिए अधीक्षक द्वारा मुख्य मार्ग एवं स्वास्थ्य इकाई के प्रांगण से मजदूर लगाकर टाईलो के मध्य जल निकासी की व्यवस्था की जा रही थी।
11. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं0 एवं टेलीमानस प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।
12. समस्त स्वास्थ्य इकाई के शौचालय चोक गंदे एवं टूटे हुए पाये गये यहां तक की समस्त शौचालयों के दरवाजे एवं फ्रेम 90 प्रतिशत तक गले हुए पाये गये।
13. समस्त स्वास्थ्य इकाई में लगभग टाईले टूटी हुई हैं एवं जहां पर टाईले सही भी पायी गयी वहां अलग–अलग रंग की टाईल दीवारो पर लगी हुई थी। वस्तु स्थिति से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपेक्षित अतिरिक्त सुधार एवं आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय टीम द्वारा अपेक्षा की गयी।
14. चिकित्सालय में जर्जर भवन के कारण चिकित्सा सेवाओं की ब्रांडिंग मानकानुसार नहीं पायी गयी। चिकित्सा इकाई एफ0आर0यू0 है किन्तु चिकित्सा इकाई का भवन मानकानुसार एफ0आर0यू0 के लिए नहीं पाया गया।
15. चिकित्सा इकाई के समस्त भण्डार कक्षो को खुलवाकर उपयोगी एवं अनुउपयोगी वस्तुओं को सूचीबद्व कराते हुए स्वास्थ्य इकाई पर व्यवस्थित किये जाने के लिए अपेक्षा की गयी।
16. परिसर की पुताई एवं पेंटिंग कराने के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि पूर्व से स्थापित आई0ई0सी0 एवं स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी ब्रांडिंग खराब न हो।
17. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0 / आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित किया जाना है।
18. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व लम्बित मांग पत्रों की सूची जनपद को ससमय चिकित्सा इकाई को आपूर्ति किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर सिकरी –**

1. मुख्य मार्ग से साईनेज बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर स्वास्थ्य इकाई के नाम का बोर्ड नीचे टूटा हुआ पाया गया।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में साफ–सफाई एवं झांडियाँ और घासों की कटाई कराने हेतु सुझाव दिये गये।
3. प्रागंण में राज्य स्तरीय टीम एवं अधीक्षक द्वारा भ्रमण करने पर Nasopharangeal Airways 6.5 फरवरी 2025 को एक्सपैइरी तिथि की प्रांगण में जगह–जगह प्राप्त हुई जिस पर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सम्बंधित 102 एवं 108 एम्बुलेंस के ड्राईवरो द्वारा लापरवाही के रूप में फेंका जाता है। टीम द्वारा सम्बन्धित को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।
4. एच0आर0पी0 रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था टीम द्वारा वस्तु स्थल पर सम्बन्धित को प्रशिक्षित करते हुए कृत कार्यवही मानकानुसार सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।

Abhy

5. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।
6. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं0 टेलीमानस प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।
7. शौचालय में सफाई एवं प्रभावी रूप से रनिंग वाटर को व्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिये गये।
8. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की ब्रांडिंग मानकानुसार नहीं पायी गयी सम्बन्धित प्रकण की जानकारी क्वालिटी एश्यूरेन्स के जनपद एवं मण्डल परामर्शदाता को कृत कार्यवाही ससमय पूर्ण कराने के लिए अवगत कराया गया।
9. चिकित्सा इकाई के समस्त भण्डार कक्षो को खुलवाकर उपयोगी एवं अनुउपयोगी वस्तुओं को 1 सप्ताह के भीतर व्यावस्थित किया जाना है।
10. परिसर की पुताई एवं पेंटिंग कराने के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि पूर्व से स्थापित आई0ई0सी0 एवं स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी ब्रांडिंग खराब न हो।
11. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित किया जाना है।
12. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपद को कृत कार्यवाही किये जाने हेतु उपलब्ध कराया गया।
13. बी0पी0एच0यू0 बनकर तैयार है परन्तु हैण्डओवर नहीं किया गया था।
14. चिकित्सालय के सामने ही तीमार दारो द्वारा 4 पहिया एवं 2 पहिया वाहनो को लगाया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से अन्य स्थान पर लगाने हेतु निर्देशित किया गया।
15. सीवर की पाईप लाईन टूटी हुई पायी गई जिसे तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देश दिये गये चिकित्सा इकाई में चिकित्सालय एवं रेजिडेन्स के भवन के जल निकास सही नहीं पाया गया सम्पूर्ण जल प्रांगण में भरता है निस्तरण किये जाने निर्देश टीम द्वारा प्रदान किये गये।
16. एक्सरे कक्ष में एक्सरे मशीन उपलब्ध है परन्तु एक्सरे टैक्नीशियन के न उपलब्ध होने के कारण क्रियाशील नहीं थी।
17. लेबर रूम में प्रसव टेबल पर उपयोग किये जाने वाले मैकनतास जनपद स्तर से उपलब्ध नहीं कराया गया है इसके सम्बन्ध में फर्माशिस्ट को तत्काल इण्डेन्ट बनाकर जनपद स्तर से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
18. एन0बी0एस0यू0 हेतु मानकानुसार 04 रेडिएण्ट वार्मर एवं 02 फोटोथैरेपी यूनिट के सापेक्ष मात्र 02 रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील थें।
19. मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि तत्काल प्रभाव से एन0बी0एस0यू0 की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु 02 रेडिएण्ट वार्मर एवं 02 फोटोथैरेपी उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगनेरः–**

1. साईनेज रोड बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर मानकानुसार उपलब्ध नहीं है।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में साफ–सफाई एवं झांडियाँ और घासों की कटाई कराने हेतु सुझाव दिये गये।
3. एच0आर0पी0 रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था।
4. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।
5. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं0 प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।

Abhay

6. इकाई के भण्डार में 50000 हजार ओ0आर0एस0 पैकेट पाये गये जिसे तत्काल प्रभाव से सभी ए0एन0एम0,सी0एच0ओ0 को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
7. प्रसव कक्ष के टेबल पर उपयोग में लाये जाने वाले कैलिसपैड पन्चर पाये गये जिसे तत्काल नवीन कैलिसपैड उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
8. लेबर रूम में स्थापित एन0बी0सी0सी0 की रिपोर्टिंग हेतु कोई भी रजिस्टर नहीं बना हुआ था।
9. आर0ओ0 प्लॉन्ट स्थापित है परन्तु आक्रियाशील पाया गया।
10. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की ब्रांडिंग मानकानुसार नहीं पायी गयी।
11. चिकित्सा इकाई के समस्त भण्डार कक्षो को खुलवाकर उपयोगी एवं अनुउपयोगी वस्तुओं को व्यावस्थित किया जाना है।
12. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपदों को उपलब्ध कराया गया।
13. चिकित्सालय के सामने ही तीमार दारो द्वारा 4 पहिया एवं 2 पहिया वाहनो को लगाया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से अन्य स्थान पर लगाने हेतु निर्देशित किया गया।
14. सीवर की पाईप लाईन टूटी हुई पायी गई जिसे तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देश दिये गये।
15. चिकित्सा इकाई पर राजकीय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन का अभाव पाया गया तत्सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा को अवगत कराते हुए कृत अपेक्षित मानव संसाधन की व्यवस्था किये जाने की अपेक्षा की गयी। चूंकि जनपद मुख्य से लगभग 55 किलो मीटर दूर स्वास्थ्य इकाई स्थापित है।
16. स्वास्थ्य इकाई के कक्षो में एवं दरवज्जो में पूर्व वाईट वॉस के बड़े–बड़े छीटे पाये गये जिसे साफ कराने के निर्देश दिये गये।
17. स्वास्थ्य इकाई निरीक्षण प्रांगण में शीवर टैंक के लगभग 4 फीट खुले चेम्बर पाया गया जिसमें व्यक्ति एवं पशु के गिर जाने से किसी गम्भीर समस्या का सामना न करना पड़े तत्काल चेम्बर पटिया/चेम्बर लगाये जाने के निर्देश दिये गये।
18. स्वास्थ्य इकाई के प्रथमतल पर संचालित भोजनालय कक्ष बहुत ही खराब और अनहाईजिन पाया गया जिसे तत्काल व्यवस्थित किये जाने के निर्देश टीम द्वारा दिये गये।
19. स्वास्थ्य इकाई के प्रथमतल पर भण्डार कक्ष को खुलवाने पर भण्डार में लगभग 25 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर पाये गये एवं तत्काल भण्डार से सूचीबद्व आपूर्ति को बाहर निकलवाकर ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, जे0एस0वाई0 कक्ष एवं अन्य स्थानो पर उपकरण आदि व्यवस्थित कराया गया।
20. जे0एस0वाई0 प्रसव कक्ष में टूटी हुई टाईल को तत्काल सही कराने के सुझाव दिये गये।
21. स्वास्थ्य इकाई में अधीक्षक कक्ष में डिसप्ले बोर्ड में प्रगति रिपोर्ट को प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये एवं अधीक्षक सूची पटिका में वर्तमान अधीक्षक का नाम पेन्टर द्वारा तत्काल अंकित कराया गया।

**एन0आर0सी0 जिला चिकित्सालय आगरा–**

1. 10 बेडेड एन0आर0सी0 क्रियाशील है जिसमें 01 मेडिकल ऑफीसर, 01 एफ0डी0, 04 स्टाफ नर्स, 02 कूक कम केयर टेकर कार्यरत हैं। भ्रमण के दौरान 10 सैम बच्चे भर्ती पाये गये।
2. इकाई में भर्ती बच्चों की माँ/पिता को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान माह सितम्बर 2024 तक भुगतान किया जा चुका है।
3. आशा सैम बच्चों को समुदाय स्तर से रेफरल हेतु रू0 100 प्रति बच्चे एवं फॉलोअप हेतु रू0 50 प्रति बच्चे हेतु आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान माह दिसम्बर 2022 के उपरान्त

Buy Abhay

अभी तक ब्लॉको द्वारा नहीं किया गया है, जिसको तत्काल भुगतान कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को सुझाव दिया गया।

4. एन0आर0सी0 इकाई हेतु उपलब्ध कराये गये प्रिन्टर खराब हो जाने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है जिसको तत्काल प्रभाव से प्रिन्टर को सही कराने या नवीन प्रिंटर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
5. इकाई में भर्ती सैम बच्चों को प्ले एरिया में खेलने हेतु खिलौने का क्रय कर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
6. इकाई में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत 02 कूक कम केयर टेकर एवं सफाई कर्मी के मानदेय का भुगतान विगत 02 माह से लम्बित है जिसको तत्काल भुगतान कराने हेतु सुझाव दिया गया।

**एन0पी0–एन0सी0डी0 कार्यक्रम**

1. एन0पी0–एन0सी0डी0 के कार्यक्रम के अन्तर्गत मधुमेह एवं उच्च रक्त चाप रोगियों को केवल 10 दिवस हेतु औषधियाँ प्रदान की जा रही थी जब कि राज्य मुख्यालय के रोगियों को 30 दिवस (01 माह) की औषधियाँ प्रदान किये जाने के निर्देश है। इस सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही की आवश्कयता है।
2. मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के नए रोगियों को टी0बी0 एवं एच0आई0वी0 कि जॉच हेतु सर्न्दभित नहीं किया जा रहा है, जोकि आवश्यक है।
3. एन0सी0डी0 क्लीनिक में आने वाले संदेहास्पद रोगियों को ओरल कैंसर की जॉच हेतु ई0एन0टी0 विभाग में सर्न्दभित किये जाना आवश्यक है।
4. जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक के सभी अभिलेखों/रिपोर्ट को नियमानुसार क्रम बद्ध रूप से पूर्ण करना आवश्यक है।
5. जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक कक्ष में सूक्ष्म मरम्मत/विद्युत कार्य एवं दीवारों पर रंग कराना एवं फर्नीचर मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है।
6. जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक कक्ष में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप सम्बन्धी प्रोटोकॉल एवं प्रचार–प्रसार समग्री (नवीन) उचित स्थानों पर प्रदर्शित हों।
7. जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक कक्ष के बाहरजिला एन0सी0डी0 क्लीनिक लिखा हो तथा चिकित्सकों/कर्मिकों के नाम की पट्टिका कक्ष के बाहर प्रदर्शित हों।

**एन0पी0एच0सी0इ0 कार्यक्रम**

1. फिजियो थैरपी कक्ष में कतिपय उपकरण अक्रियाशील प्राप्त हुये है, जिन्हें तत्काल क्रियाशील कराये जाने की आवश्यकता है।
2. फिजियोथैरपी कक्ष में साफ सफाई व्यवस्था निम्नस्तर की हैं जिसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है। अक्रियाशील ए0सी0 को कक्ष से हटाना।
3. जिरियाट्रिक वार्ड में डेंगू वार्ड का संचालन किया जा रहा है, जिस पर भ्रमणदल द्वारा रोष प्रकट किया गया है। उक्त वार्ड को तत्काल नियमानुसार वृद्ध रोगियों हेतु उपयोगित किये जाने की आवश्यकता है।
4. जिरियाट्रिक वार्ड/फिजियोथैरपी कक्ष/ओ0पी0डी0 कक्ष में सूक्ष्म मरम्मत/विद्युत कार्य एवं दीवारों पर रंग कराना एवं फर्नीचर मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है।
5. एन0पी0एच0सी0ई0 कार्यक्रम सम्बन्धी समस्त अभिलेखों/रिपोर्ट को नियमानुसार क्रम बद्ध रूप से पूर्ण करना आवश्यक है।

Abhay

6. जिरियाट्रिकवार्ड / फिजियोथैरपी कक्ष / ओ0पी0डी0 कक्ष के बाहर चिकित्सकों / कर्मिकों के नाम की पट्टिका कक्ष के बाहर प्रदर्शित हों।
7. एन0पी0एच0सी0ई0 कार्यक्रम प्रचार–प्रसार समग्री (नवीन) उचित स्थानों पर प्रदर्शित हों।

**राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एन0एम0एच0पी0)**

1. मनकक्ष को राज्य मुख्यालय निर्देशों के अनुरूप संचालित किये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में उक्त कक्ष अत्यन्त दयनीय स्थिति में है। उक्त कक्ष विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलस की डयूटीरोस्टर अनुसार लगाई जानी है।
2. वर्तमान में जिला चिकित्सालय मेंटेलीमानस हैल्पलाईन 14416, 1800 891 4416 कहीं भी प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिससें तत्काल विभिन्न प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित करायें जाने की आवयश्कता है।
3. कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत कर्मिकों हेतु फर्नीचर एवं कम्प्यूटर सिस्टम (प्रिन्टर के साथ) उपलब्ध करायें जाने की आवश्यकता है।
4. उचित स्थानों पर कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचास–प्रसार सामग्री आवश्यकता है।
5. कक्ष में सूक्ष्म मरम्मत / विद्युत कार्य एवं दीवारों पर रंग कराना एवं कराये जाने की आवश्यकता है।
6. कक्ष के बाहर जिला एन0सी0डी0 क्लीनिक लिखा हो तथा चिकित्सकों / कर्मिकों के नाम की पट्टिका कक्ष के बाहर प्रदर्शित हों।
7. विभिन्न वित्तीय वर्षों में कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये सभी आवश्यक सामग्री (ए0सी0, मैज, कुर्सीयाँ, कम्प्यूटर आदि) नियत स्थान पर उपलब्ध कराये जायें।
8. कार्यक्रम कक्ष के बाहर कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत क्लीनिकल साइकलोजिस्ट व स्टाफ नर्स का नाम व पद प्रदर्शित करना आवश्यक है।
9. कार्यक्रम से सम्बन्धित मासिक व त्रैमासिक रिपोर्ट उचित माध्यम द्वारा की सभी प्रेषित करी जायें।

**राष्ट्रीय पेलिएटिवकेयरकार्यक्रम (एन0पी0पी0सी0)**

1. एन0पी0पी0सी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में जिला चिकित्सालय आगरा में 10 बेड का पेलिएटिव केयर वार्ड स्थापित किया किया गया था कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी सिविल कार्य व आवश्यक सामग्री (02 ए0सी0, 02 टी0बी0, 10 बैड, 01 नर्सिंग स्टेशन मय फर्नीचर आदि) उपलब्ध कराय दिया गया था।
2. राज्य स्तरीय दल द्वारा वर्तमान में पेलिएटिव केयर वार्ड की स्थिति पूर्णतः अक्रियाशील आवस्था मे पाई गयी।
3. वार्ड में जगह–जगह छत्त टुटी / झड़ी अवस्था में पाई गई जिसकों तत्काल स्थानीय स्रोत से ठीक कराना अत्यन्त आवश्यक है।
4. वार्ड में टुटें पलगं, जंग लगी हुई टुटी साइड मैजें, टुटा हुआ अन्य फर्नीचर पाया गया जिसको शीघ्र ही ठीक कराना आवश्यक है। उपलब्ध कराये गये ए0सी0 व टी0बी0 वार्ड में नहीं पाये गये।
5. वार्ड में शौचालय बहुत ही गंदी एवं दयनीय आवस्था में पाये गये।
6. अस्पताल परिसर में पेलिएटिव केयर कार्यक्रम के संचालन के सम्बन्धित कहीं भी कोई प्रचार–प्रसार सामग्री प्रदर्शित नहीं है और नहीं वार्ड के बाहर वार्ड का नाम लिखा हुआ है।

**कार्डियक केयर यूनिट (सी0सी0यू0)**

1. अस्पताल परिसर में संचालित सी0सी0यू0 कि उपलब्धता की बारें में कही पर भी कोई पट्टिका या जानकारी उपलब्ध नहीं है।
2. सी0सी0यू0 के लिये सप्लाई किये गये 04 वेन्टीलेटर वहा नहीं पाये गये।
3. सम्बन्धित आई0ई0सी0 सामग्री व ट्रिटमेंट प्रोटोकॉल प्रदर्शित नहीं है।
4. सी0सी0यू0 के बाहर गल्बस, कैप व शू कवर की उपलब्धता नहीं पाई गई।
5. सी0सी0यू0 में सेन्ट्रालाईज ऑक्सीजन व सक्शन सप्लाई को चेक करना आवश्यक है।
6. आकास्मीक व इंनटियूबेशन ट्रे की अनुपलब्धता, पखों की सफाई, बिजली के तारों की सहीं फिटिग कि आवश्यकता।
7. सी0सी0यू0 में सुरक्षा गार्ड कि आवश्यकता है।

**ई0सी0जी0 रूम (कमरा नं0 16)**

1. कक्ष की दीवारों पर सिविल वर्क की आवश्यकता है।
2. सम्बन्धित प्रचार–प्रसार सामग्री की आवश्यकता है।
3. मरीजों के लियेटिश्यूपेपर एवं नेपकिन की आवश्यकता है।
4. अक्रियाशील ए0सी0 को कक्ष सेहटाना ।
5. ई0सी0जी0 टैक्नीशनकि नेम प्लेट।

**जिरियट्रिक क्लीनिक (कक्ष सं0 14)**

1. कक्ष की दीवारों पर सिविल वर्क की आवश्यकता है।
2. सम्बन्धित प्रचार–प्रसार सामग्री की आवश्यकता है।
3. खराब बिजली के तारों एवं दीवालों पर दिमक को ठीक करने की आवश्यकता है।
4. सम्बन्धित मासिक रिपोर्टस की उपलब्धता सुनिश्चित कराना (अप्रैल 2023 से)
5. एक्स रे बॉक्स व एल्मारी पर पेन्ट की आवश्यकता है।

**भ्रमण के दौरान एवं सुधारात्मक स्थिति के मुख्य चलचित्र रिपोर्ट के साथ सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।**

राजीव कुमार दूबे
कार्यक्रम समन्वयक बाल स्वास्थ्य

अभय द्विवेदी
परामर्शदाता एन0सी0डी0

8